प्रकाशनार्थ

रक्त की भारी कमी को देखते हुए हम सब चाहे वह निजी संस्था हो, संगठन हो, शैक्षणिक एवं सामाजिक संगठन हो अथवा कोई भी सेवा प्रदान करने वाली संस्था हो सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों आदि सबका मानवीय कर्तव्य है की रक्त की इस भारी कमी को पूरा करने हेतु अपना सब कुछ समर्पित कर दें, जनमानस से भी निवेदन है तथा अपेक्षा है की अपने समीप कोई भी रक्तदान केंद्र हो वहां जाकर रक्तदान करके रक्तदान महादान के आवाह्न को और मजबूत बनाएं !

ब्लड बैंकों की विनियामक संस्था राज्य रक्त संचरण परिषद ने इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए एक निर्देश जारी किया है की सभी निजी एवं सरकारी ब्लड बैंक को को प्रत्येक माह के प्रथम दिन एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना चाहिए यह एक महत्वपूर्ण तथा सारगर्भित निर्देश है, जिसके अनुपालन से रक्तदान अभियान में काफी सफलता प्राप्त होने की संभावना है|

गोरखनाथ ब्लड बैंक में राज्य रक्त संचरण परिषद के निर्देशानुसार इसका अनुपालन आरंभ कर दिया गया है जिसके अंतर्गत दिनांक 1 अप्रैल 2023 को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने वह सर्वप्रथम गुरुद्वारा कमेटी के प्रति हर्ष व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किए तथा उन्होंने बताया कि गुरुद्वारा कमेटी प्रत्येक माह की 1 तारीख को गुरुद्वारा परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन करेगा|

उत्तर प्रदेश पंजाबी अकैडमी के सदस्य जग नयन सिंह जी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया

आज के रक्तदान शिविर में डाक्टर अभ्यन, सूरज जयसवाल, सतीश कुमार गुप्ता, महेश शुक्ला इत्यादि लोगों ने रक्तदान शिविर में भाग लिया

ब्लड बैंक की मोबाइल टीम के साथन टेक्नीशियन संदीप यादव संतीश बबिता आदि रक्तकोश कर्मचारियों का अमूल्य योगदान रहा तथा उन्होंने इस रक्तदान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया